SASHASTRA SEEMA BAL

Headquarters, East Block-V, RK Puram, New Delhi-110066
| Web : ssb.nic.in

सशस्त्र सीमा बल द्वारा कोविड-19 महामारी के संकट के दौरान किये गए सराहनीय कार्य

सशस्त्र सीमा बल, केन्द्रीय सशस्त्र बलो में से एक है तथा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार मित्र देशों नेपाल एवं भूटान की सीमाओं पर तैनात किया गया है। नेपाल एवं भूटान हमारे मित्र देश होने के कारण उनके साथ लगी सीमा खुली है। चूँकि सशस्त्र सीमा बल का कार्यक्षेत्र मित्र देशों की सीमा और नागरिकों से संबंधित है, ऐसे में हमारे प्रत्येक बलकर्मी का दायित्व बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। यह बहुत आवश्यक है कि एक और जहाँ हम नियमों और क़ानून की सीमा में रहकर अपना कर्तव्य पालन करें और सजग सीमा प्रहरी के रूप में राष्ट्रविरोधी तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाएं, वहीं दूसरी और हमें इस बात का भी ध्यान रखना होता है कि मित्र देशों के आम नागरिकों के साथ हमारा व्यवहार मित्रवत हो।

भारत वर्तमान वैश्विक स्तर पर फ़ैली कोविड-19 जैसी घातक बीमारी से जूझ रहा है, जिससे वर्तमान में विश्वभर के विभिन्न देशों में काफी जनहानी हुई है। इन परिस्थितियों में बल ने सरकार द्वारा पारित विभिन्न दिशा निर्देशों का न केवल गम्भीरता से पालन किया अपितु आम नागरिकों से भी प्रशासन के निर्देशों का सख्ती से पालन करवाने में अहम् भूमिका निभाई। इस दौरान बलकर्मियों द्वारा अपने विभिन्न कार्यस्थलों पर सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए समाज में विधमान जरूरत मन्दो की हर प्रकार सहायता करने में पहल करते हुए अपने उतरदायित्व को बखूबी निभाया गया जिसकी न केवल आम नागरिको ने बल्कि स्थानीय प्रशासन ने भी भूरी-भूरी प्रशंसा की है| वैश्विक स्तर पर फ़ैली कोविड-19 जैसी घातक बीमारी के दौरान सशस्त्र सीमा बल द्वारा अप्रैल, 2020 से 13.05.2020 तक 83 कार्यक्रमो द्वारा ग्रामीणों को खाना तथा राशन सामग्री का वितरण किया, स्वच्छता एवं साफ़-सफाई संबंधित 31 कार्यक्रमो का आयोजन किया, 38 कार्यक्रमो के अंतर्गत नागरिकों को मास्क वितरित किये गए तथा कोरोना महामारी से बचने के लिए 87 जागरूकता एवं 02 अन्य कार्यक्रमो का आयोजन सशस्त्र सीमा बल द्वारा किया गया है। इस दौरान बल मुख्यालय, नई दिल्ली में पदस्थ सहायक उप-निरीक्षक (सामान्य) नारायण चंद्रा दास का सराहनीय योगदान रहा, जो नीचे वर्णित है। सशस्त्र सीमा बल द्वारा सामाजिक व आर्थिक दृष्टिकोण से नागरिकों को कोरोना महामारी से लड़ने तथा आम लोगों में इसके बचाव के लिए जागरूकता लाने के लिए नागरिक कल्याण कार्यक्रमो के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य़ किये गए।

पके हुए भोजन का वितरण

दिनांक 11.04.2020 को धारचूला में भारतीय सीमा में फंसे लगभग 150 नेपाली नागरिकों को 11 वी वाहिनीं SSB के कर्मियों द्वारा खाद्य सामग्री का वितरण

दिनांक 20.04.2020 को 59 वी वाहिनीं SSB नानपारा (UP) के कर्मि वाहिनीं की सीमा के ग्रामीणों को कोविड-19 महामारी को रोकने के लिए मास्क के उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए

दिनांक 20.04.2020 को SHQ SSB अल्मोड़ा, NDT बाजार SBI एटीएम मशीन और उसके आसपास के क्षेत्र में कीटाणुनाशक का छिड़काव करते हुए

दिनांक 10.05.2020 को 55 वी वाहिनी पिथौरागढ़ द्वारा बागरीहाट गावं में स्थानीय नागरिको के वाहनों, घरों इत्यादि को सैनिटाइज करते हुए

TWITTER

SASHASTRA SEEMA BAL GUWAHATI @ SSBFTRGUWAHATI May 28

06 Battalion, SSB Ranighuli "G" Coy Dadgiri distributed dry ration.

@SSBFTRTEZPUR @ig_ftrtzp May 12

23RD Battalion SSB Lalpool under FTR SSB Tezpur distributed dry ration to poor and needy villagers during the Covid-19 lockdown.